तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

13 भगवान श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करें तो जीवन...



14 अमन और मोहब्बत का जश्न, नमाज अता कर...





मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. फ्रिज वाशिंग मशीन कूलर पंखा दीवान (पलंग) अलमारी ड्रेसिंग डायनिंग टेबल सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

**बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था :** 11 डॉक्टरों के पद स्वीकृत, मात्र 2 डॉक्टर के भरोसे संचालित हो रहा है केंद्र

# मैनपुर अस्पताल में सुविधाएं नहीं, शोभा उरमाल, झरगांव की स्थिति भी बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में आजादी के 76 वर्षों बाद भी लाखों ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, हांलाकि सरकारी आकडा कुछ और ही बया करती है, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि क्षेत्र के अधिकाश ग्रामों के ग्रामीणों को आज भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए ओडिसा प्रदेश पर निर्भर रहना पड़ता है, तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र वर्षों से स्थापित है और आलीसान भवन का निर्माण भी किया गया है लेकिन मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मूलभूत बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है, आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कुल डॉक्टरों के स्वीकृत पद 11 है लेकिन मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र 2 डॉक्टर की वर्तमान में तैनात है जिसमें एक डॉक्टर बीएमओ होने के कारण बैठक व अन्य विभागीय कार्यों में आने - जाने से एक मात्र डॉक्टर के सहारे यह अस्पताल संचालित हो रहा है और मैनपुर में पदस्थ दोनों डॉक्टर दिनरात 24 घंटा अपनी सेवा देते दिखाई देता है लेकिन बुनियादी समस्या के चलते मैनपुर अस्पताल सिर्फ रिफर सेंटर बनकर रह गया है, छोटी छोटी बीमारियों और घटना दुर्घटना पर अस्पताल में सुविधा नहीं होने पर सीधा गरियाबंद और ▶▶ शेष पेज 13 पर





### स्वास्थ्य केंद्र रिफर सेंटर बना

मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में कोई उपलब्धी हासिल नहीं हो पाया है आज भी घटना दुर्घटना की स्थिति में सिर्फ प्रांरभिक उपचार के बाद गरियाबंद और रायपुर रिफर किया जाता है मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रिफर सेंटर बनकर रह गया है तो बाकी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की बात ही छोड दीजिए।

### शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तक नसीब नहीं

मैनपुर क्षेत्र के शोभा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तो खोल दिया गया है, लेकिन आपकों यह जानकर आश्यर्च होगा कि आज तक इस अस्पताल के लिए भवन का निर्माण नहीं किया गया है, इस क्षेत्र के 08 ग्राम पंचायतों के लगभग 65 पाराटोला के हजारों लोग आज भी स्वास्थ्य सुविधा से महरूम है और ओडिशा प्रदेश नजदीक होने के कारण ईलाज के लिए ओडिसा जाने मजबूर होते है।

### आंदोलन करना पड़ेगा

स्वास्थ्य सुविधा एवं डॉक्टर की मांग को लेकर कई बार मुख्यमंत्री तक को पत्र लिख चुके है लेकिन इस आदिवासी क्षेत्र की चिंता भाजपा सरकार को नहीं है, आज इस क्षेत्र के ग्रामीण डॉक्टर नहीं होने के कारण ओडिशा इलाज कराने मजबूर हो रहे हैं, डॉक्टर और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आंदोलन करना पड़ेगा।

**-जनक ध्रुव,** विधायक बिन्द्रानवागढ

### प्रयास जारी

मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 11 डॉक्टरो के पद स्वीकृत है जिसमें वर्तमान में 2 डॉक्टर मैनपुर में पदस्थ है उन्होने बताया दो और डॉक्टर अनुबंध में आए है लेकिन इन दिनों परीक्षा के चलते वे नहीं है सभी उपस्वास्थ्य केन्द्रों में एक महिला और एक पुरुष आरएचओ होना चाहिए लेकिन हमारे मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में बहुत कमी बनी हुई है इसके बावजूद भी लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास जारी है। उन्होने कहा समय -समय पर यहां की समस्याओं से बैठको में अवगत कराया जाता है।

**-डॉ. गजेन्द्र ध्रुव,** बीएमओ मैनपुर

## आवारा पशुओं के लिए व्यवस्था नहीं, आए दिन हो रही है दुर्घटनाओं में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोपरा/ गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा में मवेशियों की दुर्दशा थमने का नाम नहीं ले रही है। नगर में आवारा पशुओं के लिए कोई उचित व्यवस्था न होने के कारण, ये जानवर अब सड़कों पर उतर आए हैं, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में उनकी मौत हो रही है। विडंबना यह है कि इन घटनाओं के बावजूद नगर पंचायत कोपरा इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। नगर पंचायत प्रशासन मवेशियों को सुरक्षा प्रदान करने के मामले में उदासीन रवैया अपनाए हुए है। जबकि शासन द्वारा आवारा पशुओं के लिए 'रोका-छेंका' अभियान चलाया जा रहा है। हाल ही में जिला कार्यालय में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने गरियाबंद के सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सड़कों पर आवारा पशु नहीं दिखने चाहिए और उनके लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लेकिन कोपरा में कलेक्टर के इस निर्देश का कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। गौरतलब है कि बीते दिनों कोपरा के गौशाला में बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत का मामला सामने आया था, जिससे प्रदेश भर में नगर पंचायत की काफी आलोचना हुई थी। इसके बावजूद प्रशासन की बेपरवाही जारी है। आवारा मवेशियों के सड़कों पर घूमने से किसानों को भी भारी नुकसान हो रहा ▶▶ शेष पेज 13 पर

# बोरसी में स्वयंसेवक संघ ने मनाया हिंदू नववर्ष






हरिभूमि न्यूज ▶▶ फिंगेश्वर

ग्राम बोरसी मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रम आयोजित किया। उक्त आयोजन में अलग अलग संगठन से आए हुए वक्ताओं ने हिन्दू नव वर्ष के बारे में अपने-अपने विचार रखे तथा मातृभूमि सेवा संगठन द्वारा सामाजिक, धार्मिक, संगीत कला के क्षेत्रों में योगदान देने वाले व्यक्तियों को संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामायण मंडली के भजनों के साथ हुआ। टोकेश साहू कहा कि अपनी संस्कृति और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अनेक संतों और महापुरुषों ने योगदान दिए हैं। हम लोग त्यौहार भारतीय तिथि के अनुसार मनाते है। आज लोगों में भारतीय नव वर्ष के प्रति जागरूकता आई है। ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से सेवा क्षेत्र में रुचि रखने वाले लोगों के बीच प्रोत्साहन मिलता है।जयप्रकाश साहू ने पर्यावरण संरक्षण और लोगों को संगठित रहने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच सती अनसुइया ने की। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्था प्रमुख हुमन साहू ने किया।पूरे कार्यक्रम सफल बनाने में निखिल यादव विश्व हिंदू परिषद जिलामंत्री,मोहित साहू बजरंग दल जिला सयोजक ने भी हिन्दू नव वर्ष के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में श्यामसुंदर साहू, तेजराम साहू, नंदन साहू, फनेंद्र साहू, नवीन साहू, रेखराज सिंह, मोहन साहू, कुमार साहू, वासुदेव निषाद, रमेश साहू, डिगेश्वर साहू, चमन साहू, दिलीप सही, लक्ष्मण साहू शिक्षक, बहुल यादव, नंदकुमार, नगारची, कस्तुरी तारक, राकेश साहू, हरीश साहू , मयंक साहू, भूपेंद्र पटेल, राजू साहू, दिलीप जांगड़े के अलावा सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थि थे।

## पतझड़ में डूबता सूरज...



**मैनपुर।** इन दिनों पतझड़ के कारण वृक्षों के पत्ते झड़ रहे है और शाम को सूरज ढलते समय यह मनोरम तस्वीर उदंती अभ्यारण्य के जुगाड़ रेस्क्यू सेंटर के पास से लिया है।

फोटो - शेख हसन खान

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रेक पर घायल 4 गायों में एक की मौत

**अभनपुर।** मेमू ट्रेन परिचालन के पहले दिन ही दुखद घटना हो गई ट्रेक पर खड़ी चार गाय ट्रेन से टकरा गई जिसमे एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई वही तीन गाय की हड्डियां अंगभंग हो गई जिसे गौशाला मे रखा गया है उनका भी जीवित बच पाना मुश्किल है यह घटना मेमू ट्रेन अभनपुर से रवाना होने के 2 किलोमीटर आगे एरिकेशन कालोनी के पास हुई है, एरिकेशन कॉलोनी के पास पटरी की किनारे 4 गाय खड़ी थी जैसे ही लोको पायलेट ने हार्न बजाया पहली बार ट्रेन की आवाज सुनकर गाय घबराकर,इंजन के हिस्से से टकरा गई तथा एक गाय की तुरंत मौत हो गई वही 3 गाय को गौशाला मे रखा गया है वहां पर उपस्थित पशु चिकित्सक ने बताया कि गाया की हड्डियां पूरी तरह टूट गई है ,खाना पानी भी नही पी रही है तथा उनका बच पाना संभव नही है,इस क्षेत्र मे विगत 10 वर्ष बाद ट्रेन का परिचालन हुआ है जिससे गाय आवाज से परिचित नही थे तथा उनकी मौत हो गई रेलवे विभाग परिचालन के पहले पटरियो पर उचित सुरक्षा के उपाय नही किये गये जिसके वजह से यह दुर्घटना हुई है।

### वैष्णवी का नवोदय में चयन



**नवापारा-भेण्डरी।** पंडित सुंदरलाल शर्मा प्राथमिक शाला चंद्रसुर के छात्रा वैष्णवी पटेल का चयन जवाहर नवोदय कुरूद के लिए हुआ है। प्रारंभ से ही यह छात्रा प्रतिभावान है। छात्रा का चयन होने पर शाला सहित गांव के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

**जड़ से निकलती है पानी की धारा, लक्ष्मण के तीर से फूटा था जल स्रोत**

# रमई माता निः संतान दंपतियों की करती हैं कामना पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के अंतिम छोर घाट खाल्हे में बसे ग्राम सोरिद खुर्द जो छुरा फिंगेश्वर पहुंच मार्ग के मध्य में है और छुरा से 20 किलोमीटर और फिंगेश्वर 11 किलोमीटर के अंतर्गत में सोरिद खुर्द से दो किलोमीटर की दूरी पर 8वीं शताब्दी प्राचीन समय में गादी मई विराजमान थी। त्रेतायुग में भगवान राम के बनवास काल वापस होने के बाद माता सीता को कुछ कारण वश बनवास दिया गया तो माता सीता गर्भावस्था में थी तो छोटे भाई लक्ष्मण ने इस प्राचीन स्थल इस बियाबन जंगल में छोड़ा तभी माता सीता को प्यास लगी तो लक्ष्मण को बोला मुझे बड़ी जोर से प्यास लग रही है तभी यहां आस पास पानी तलाश किया लेकिन पानी कहीं नही मिला तब लक्ष्मण ने अपने बांन निकाला और आम के पेड़ के निचे बांन छोड़ा है तब से नित्य प्रति अविरल जल की धारा बह रही है। माता रमई पाठ में चैत्र नवरात्रि एवं शारदीय नवरात्रि पर मनोकामना दीप प्रज्वलित किया जाता है। इस निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य शीतल जल, अदृश्य दिव्य स्वरुपी रमई पाठ धाम जहां दिन दुखियों दुखियारीनों की मनोकामना पूरी होती है माता रमई पाठ के आशिर्वाद से। यहां माता रमई पाठ की मान्यता है कि रमई माता निःसंतान दम्पतियों की झोली भरती है। छत्तीसगढ़ में ऐसे बहुत से ऐतिहासिक व प्राचीन स्थल हैं, जिनका वर्णन रामायण व महाभारत ग्रन्थ में मिलता है। उन्हीं में से एक स्थल छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के सोरिदखुर्द ग्राम में स्थित रमई पाठ है। जहां पर भक्तों की हर मनोकामना माता पूरी कर देती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली भी भरती देखी गई है। सोरिदखुर्द ▶▶ शेष पेज 13 पर







### मंटोरा ने किया गृह प्रवेश

**राजिम।** राजिम के बकली गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चलाया गया गृह प्रवेश महाअभियान में सोमवार को मंटोरा-सहदेव साहू सहित अनेकों हितग्राहियों को सरपंच बिंदा साहू ने गृह प्रवेश कराया। नए और पक्का घर पाकर हितग्राहियों के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। इंसान को पक्का मकान मिल जाए तो फिर उन्हें और क्या चाहिए। जिंदगी का सबसे बड़ा सपना हर इंसान के लिए मकान ही होता है और इस सपना को साकार कर रहे है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय का सुशासन। इस अवसर पर जनपद सदस्य पूजा-मुकेश भारती ने कहा कि गृहप्रवेश एक गौरवशाली क्षण होता है एक गरीब परिवार के लिए पक्का मकान का सपना पूरा हुआ है इससे सबको खुशी हो रही है। गरीब परिवार अब चैन की नींद सोएंगे। मंटोरा ने कहा कि बरसो का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आशीर्वाद से पूरा हुआ है। मेरे आने वाली पीढ़ी भी कभी मोदी और साय को भूल नही पाएंगे। उन्हें गरीबों का भरपूर आशीर्वाद जिंदगी पर्यंत मिलता रहेगा।

# राज्य में 55 लाख वाहन, इनमें सिर्फ 60 हजार गाड़ियों की ही बदली नंबर प्लेट, 15 अप्रैल से होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक, सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। राज्य में 55 लाख के करीब पुराने वाहन हैं, जिनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगानी है। इनमें से महज 60 हजार लोगों ने अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाई हैं। 20 हजार के करीब लोगों ने नंबर प्लेट बदलवाने ऑनलाइन आवेदन जमा किए हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलवाने में देरी की वजह मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होना बताया जा रहा है।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने सरकारी के साथ निजी संस्थानों से संपर्क किया जाएगा। उनसे अपील की जाएगी कि जिन लोगों के वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा है, उनके वाहनों को अपने संस्थान के अंदर प्रवेश नहीं करने दें। साथ ही ट्रैफिक पुलिस की मदद से वाहन मालिकों को 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने समझाइश दी जाएगी। इसके बाद भी वाहन मालिक अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जाएगा।

खास खबर

**एचएसआरपी लगवाने सरकारी के साथ निजी संस्थानों को प्रेरित किया जाएगा**

### मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से देरी

पुराने वाहनों के आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। अधिकांश वाहन मालिकों द्वारा मोबाइल नंबर बदलने, इसकी जानकारी नहीं देने के कारण नंबर प्लेट के साथ अटैच करने में परेशानी हो रही है। इस तरह की समस्या आने पर आवेदनकर्ता अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराएगा, उसके बाद आवेदनकर्ता अपने वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा पाएगा। मोबाइल नंबर अपडेट कराने में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। आवेदनकर्ता ऑनलाइन अथवा परिवहन सेवा केंद्र या परिवहन कार्यालय में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा सकता है।



फाइल फोटो

### वाहनों के लिए ये दरें निर्धारित

टू-व्हीलर मोटरसाइकिल, स्कूटर, मोपेड के अलावा ट्रैक्टर, पॉवर टिलर व ट्रेलर में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए जीएसटी सहित 365.80 रुपए, थ्री व्हीलर के लिए 427.16, लाइट मोटर व्हीकल, पैसेंजर कार के लिए 656.08 और 705.64 रुपए शुल्क निर्धारित है। ऑटो डीलर के पास जाकर नंबर प्लेट बदलवाने पर अतिरिक्त सौ रुपए इंस्टालेशन चार्ज लगेगा।

### दो जोन में बंटे आरटीओ कार्यालय

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने राज्य के सभी जिलों के परिवहन कार्यालय को दो जोन में बांटा गया है। जोन-ए के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोंडागांव, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, कोरबा और जांजगीर-चांपा शामिल हैं। वहीं जोन-बी में रायगढ़, गरियाबंद, जशपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, दंतेवाड़ा, कांकेर, अंबिकापुर, बैकुंठपुर और जगदलपुर आरटीओ कार्यालय शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पारधी बोले- न केस दर्ज न कोई वारंट

**रायपुर।** कुनबी समाज के अध्यक्ष डीआर पारधी ने रामेश्वर नाकतोड़े द्वारा लगाए गए संगठन में चुनाव नहीं कराने तथा समाज के कार्यालय को कब्जा करने के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि न उनके खिलाफ कोई केस दर्ज हुआ है और न ही कोई वारंट जारी हुआ है। समाज के अध्यक्ष ने रामेश्वर पर समाज को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। डीआर पारधी ने बताया कि रामेश्वर निरंतर कई तरह की अफवाहें फैलाने का काम कर रहे हैं। समाज के अध्यक्ष के मुताबिक, रामेश्वर का वर्तमान में सामाजिक परिप्रेक्ष्य से कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान में उनका जो सामाजिक संगठन है, उनके द्वारा कई सामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस वजह से समाज से जुड़े लोगों द्वारा समर्थन मिल रहा है।

### पाली के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री निष्कासित

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश संगठन ने कोरबा में कोयले की वर्चस्व की लड़ाई में हुई हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में आरोपी बनाए गए पाली के मंडल अध्यक्ष के साथ ही मंडल महामंत्री को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पाली के मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश के महामंत्री जगदीश रामू रोहरा के नाम से जारी आदेश पत्र में लिखा गया है, पाली क्षेत्र में घटित घटना में आपके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं, इसको देखते हुए आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है।

### बिरगुड़ी में रामचरित मानस 3 से

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 3 अप्रैल से किया जा रहा है। कुल 36 मंडलियों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मानस सम्मेलन अध्यक्ष अकबर कश्यप ने दी है।

### कनेरी में रिकार्डिंग डांस 31 मार्च को

**पुरूर।** चैत्र नवरात्रि पर कंकालिन मैया मंदिर कनेरी में रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू ने बताया कि 31 मार्च को रात्रि 8 बजे से रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता रखी गई है। एकल प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 15 सौ रूपये, द्वितीय एक हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 751 रूपये प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार रिकार्डिंग डांस में प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये, द्वितीय 2000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये दिया जायेगा।

### नवोदय में चयन होने पर कराया न्योता भोज

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा की छात्रा रोशनी साहू का चयन नवोदय विद्यालय कुरुद के लिए हुआ है। वह मनोज-झामिन की पुत्री हैं। अपने चयन की ख़ुशी में उन्होंने न्योता भोज अंतर्गत स्कूली बच्चों को समोसा प्रदान किया। इस उपलब्धि पर एसएमसी अध्यक्ष धनंजय साहू, ग्वालसिंह साहू, प्रधानपाठक लीलाराम साहू, शिक्षक स्टॉफ राकेश चंद्राकर, रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे, नोरेंद्र जोशी, पूर्णिमा साहू, त्रियामा ध्रुव, संकुल प्राचार्य गेवाराम नेताम, संकुल समन्वयक हेमंत सोनकर, दानीराम साहू, भूपाल साहू, छन्नूराम साहू समेत अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## बिरगांव निगम में 3 अप्रैल को 149 करोड़ का अनुमानित बजट पेश करेंगे महापौर

# पिछले बजट में नौ सुविधाओं का दावा, सिर्फ सीसीटीवी ही लगा पाए, छह प्रोजेक्ट अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम ने पिछले बजट में करीब डेढ़ लाख आबादी को 249 करोड़ में नौ सुविधाएं देने का दावा किया था, इनमें सिर्फ एक सुविधा ही दे पाए हैं। पेयजल प्रदाय का काम अभी तक शत-प्रतिशत आकार नहीं ले पाया है। फिर भी निगम ने इस गर्मी में किराए के टैंकर से मुक्ति पा ली है। इसके अलावा जनता को मिलने वाली पांच सुविधाएं अधूरी हैं। वहीं खेल मैदान का काम ही शुरू नहीं हुआ, 100 मोटरपंप और बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का मसौदा फिलहाल फाइलों में है।

हरिभूमि सरोकार

रायपुर निगम के बाद अब बिरगांव निगम ने 2025-26 के लिए 3 अप्रैल को बजट पेश करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इस साल का बजट करीब 149 करोड़ का होगा। वहीं पिछला बजट 249 करोड़ यानी 100 करोड़ ज्यादा का था, क्योंकि उसमें जल आवर्धन को शामिल किया गया था। इस बार सिर्फ 10 करोड़ के आसपास ही जलप्रदाय का बजट रहने वाला है। हरिभूमि ने पड़ताल में पाया कि जो दावे पिछले बजट में किए गए, उनमें से छह प्रोजेक्ट अभी तक अधूरे हैं, इसके चलते लोगों को सुविधाएं अधूरी ही मिल पा रही हैं। इसलिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। खेल मैदान निर्माण विवाद का हिस्सा बनकर रह गया है। भूमिगत जल संरक्षण के लिए तैयार किए गए प्लान को सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।



*मरीन ड्राइव की सुविधा दूर की कौड़ी*

*औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में निवास करने वाली जनता के लिए एक भी ऐसा स्पॉट नहीं है, जहां वे अपने परिवार के साथ मनोरंजन कर सकें। अभी तक गार्डन का काम अधूरा है। दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करने की प्रक्रिया भी दूर की कौड़ी नजर आ रही है। मोतीसागर तालाब का निर्माण एजेंसी ने शुरू किया है, लेकिन दो महीने में इसे पूरा करना आसान नहीं है। जून से बरसात शुरू होने पर काम फिर से रुकने की स्थिति है। खदान डबरी का अभी तक काम भी जिम्मेदारों ने शुरू नहीं कराया है।*

*इस बजट सत्र में भी प्रश्नकाल : बिरगांव निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बजट पेश करने की तैयारी में है। इसमें पहले वार्ड प्रतिनिधियों के प्रश्नकाल और उनके उत्तर का सिलसिला चलेगा। इसके बाद ही महापौर द्वारा बजट पेश किया जाएगा। तीसरे क्रम पर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों द्वारा जाति एवं मूल निवास के लिए घोषणा की जाएगी। इसके अलावा सड़क, नाला निर्माण के लिए तैयार मसौदे को लेकर सामान्य सभा में सहमति बनाई जाएगी। इसके अलावा वार्डों में सड़क व नाली निर्माण के प्रस्ताव को लेकर भी वैचारिक मंथन होने वाला है।*

### अंतिम चरण में हैं कई प्रोजेक्ट

पिछले बजट में जिन सुविधाओं का दावा किया, उनमें सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे को प्राथमिकता से पूरा किया है। जलप्रदाय सहित दूसरे प्रोजेक्ट अंतिम चरण में हैं। खेल मैदान निर्माण में विवाद और वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सरकार से बजट नहीं मिला, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

- **नंदलाल देवांगन**, महापौर, ननि बिरगांव

### जुबानी दावे फेल, देख रही जनता

जिन सुविधाओं का दावा महापौर ने पिछले बजट में किया, वे सभी जुबानी दावे फेल हो गए हैं। अब नई जुमलेबाजी की तैयारी है। क्षेत्र की जनता इसे गंभीरता से देख और समझ रही है। जरूरी सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा करने को लेकर नीयत भी नहीं है।

- **ओमप्रकाश साहू**, नेता प्रतिपक्ष, ननि बिरगांव

### पिछले बजट में इन सुविधाओं का दावा

- मोतीसागर तालाब और खदान डबरी तालाब को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करना, इनमें सिर्फ मोतीसागर का काम शुरू करा पाए।
- रावांभाठा और उरकुरा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मांगलिक भवन बनाने का दावा, दोनों भवन अभी तक निर्माणाधीन ही रह गए हैं।
- बिरगांव निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों को सीसीटीवी कैमरे से कवर करने का दावा निगम ने पूरा कर लिया है। यह सुविधा लोगों को मिल रही है।
- आरटीओ आफिस के पास लोगों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए गार्डन का निर्माण कराने का दावा, काम अभी तक अधूरा ही है।
- खारुन से बिरगांव क्षेत्र में जलप्रदाय एवं आवर्धन योजना का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ, लेकिन निगम ने किराए के टैंकर से मुक्ति पाई।
- निगम क्षेत्र के मोटरपंप एवं बोर में पहले फेज में 100 जगह वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का दावा किया, जो बजट नहीं मिलने से फाइलों में है।
- रावांभाठा में खेल मैदान की सुविधा युवाओं को अभी तक नहीं दे पाए, एजेंसी ब्लैक लिस्टेड और नई एजेंसी से काम कराने में कानूनी पेच फंसा है।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पानी के लिए चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पिछले तीन दिनों से नल में पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। इसके विरोध में रविवार सुबह कॉलोनीवासियों ने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान लोग समिति और हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी कर लगभग तीन घंटे तक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे।

कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया गया। इसके बाद ही बिजली कनेक्शन जोड़ा गया। दरअसल हाउसिंग बोर्ड द्वारा जनकल्याण समिति को कॉलोनी का ठेका दिया गया है। लोगों का कहना है कि समिति द्वारा पैसे तो लिए जा रहे हैं, लेकिन बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बोर पर लगा बिजली कनेक्शन काट दिया गया, इससे लोगों को पानी सप्लाई नहीं की जा रही थी, लेकिन रविवार को लोगों का आक्रोश बढ़ गया और वे सड़कों पर उतर आए। बताया गया है कि जनकल्याण समिति ने लगभग एक करोड़ रुपए का बिजली बिल नहीं पटाया है। इसके कारण ही यह समस्या उतपन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम पंचायत को हैंडओवर कराई जाए, इसके बाद ही समस्या का निराकरण हो सकेगा।

### पहले दिन अभनपुर मेमू से टकराई गाय, मौत

**रायपुर।** अभनपुर मेमू ट्रेन के परिचालन के पहले ही दिन एक दुखद घटना हो गई। ट्रेक पर खड़ी एक गाय ट्रेन से टकरा गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना अभनपुर से लगभग 6 किलोमीटर दूर उस समय हुई, जब ट्रेन 4 बजे अभनपुर से रवाना होकर रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान केंद्री से पहले एक गाय पटरी के किनारे खड़ी थी। जैसे ही लोको पायलट ने हार्न बजाया, गाय ट्रेन की आवाज सुनकर पटरी की ओर बढ़ी और इंजन का हिस्सा गाय के सिर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त ट्रेन की रफ्तार लगभग 70 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेलवे को उम्मीद नहीं थी ।

# आरडीए ने हटाया कौशल्या माता विहार से अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण ने रविवार को कौशल्या माता विहार के सेक्टर-3 में किए जा रहे अवैध कब्जे को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मदद से हटाया।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर 3 दिन पहले कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि यह सुनिश्चित किया जाए, भविष्य में संबंधित भूमि पर कोई अवैध कब्जा न हो। प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद के अनुसार, अफवाह के आधार पर किए जा रहे कब्जे में गोकुलनगर, बोरियाखुर्द, लालपुर और संतोषीनगर की महिलाएं बोरिया तालाब की खुली जगह पर कब्जा कर रही थीं। वे बांस, बल्ली, चादर, बोरा और रस्सी तथा साड़ियां लगाकर जमीन पर कब्जा करने और झोपड़ी बनाने की कोशिश कर रही थीं।



कब्जे के दौरान कुछ ऐसे लोग भी देखे गए, जो कार में आए और कब्जा करने वालों को प्रोत्साहित करते दिखे। वहीं कब्जा करने वाली महिलाओं को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण पुलिस उन्हें टिकरापारा थाने ले गई।

रविवार को हुई इस कार्रवाई में जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार प्रकाश सोनी, नगर निगम के सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता रवि साहू, टिकरापारा पुलिस, प्राधिकरण की ओर से अधीक्षण अभियंता एमएस पांडे, कार्यपालन अभियंता सुशील शर्मा, उप अभियंता कीर्ति कैमरो, राकेश मनहरे शामिल थे।

## मूणत और चंद्राकर के साथ गदगद दिखे प्रधानमंत्री मोदी...



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान नागपुर से रायपुर पहुंचने पर माना विमानतल पर भाजपा सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पुराने साथियों से मिलकर पीएम श्री मोदी और साथी भी गदगद हुए। एक तस्वीर में विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर पीएम का स्वागत करते हुए काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं। पीएम भी इनके साथ मिलकर मुस्कुरा रहे हैं। रायपुर में पीएम का स्वागत सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के सांसद विजय बघेल, कांकेर के सांसद भोजराज नाग, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत सिंह, महापौर मीनल चौबे, पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय सहित कई भाजपा नेताओं ने किया।

## मार्च में ही डिमांड 64 सौ मेगावाट, आगे 67 सौ मेगावाट तक जा सकती है खपत

# खपत में इजाफा उत्पादन कम बिजली संयंत्र अभी से हांफ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की डिमांड 64 सौ मेगावाट तक पहुंच गई है। आगे खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है, लेकिन गर्मी में सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। एक दिन पहले ही 250 और 210 मेगावाट के संयंत्र बंद पड़ गए। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। अब ये संयंत्र फिर से प्रारंभ हो गए हैं। आने वाले समय में भरी गर्मी में संयंत्रों ने साथ नहीं दिया तो बड़ा बिजली संकट भी संभव है। ऐसा होने से बिजली कटौती करने के अलावा कोई चारा नहीं रहेगा। मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है। पीकऑवर में रोज खपत 62 से 63 सौ मेगावाट तक जा रही है। हालांकि पॉवर कंपनी के पास आमतौर पर इससे ज्यादा बिजली रहती है।



### मार्च में पहली बार इतनी खपत

मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है, जितनी अभी हो रही है। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत 62 सौ मेगावाट के पार हुई। अब मार्च में ही खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है। 17 मार्च को पीकऑवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई। इस समय अपने संयंत्रों में उत्पादन 25 सौ मेगावाट के करीब हो रहा था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से करीब 37 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही थी। 16 मार्च को पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद होने के कारण सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ी।

### गर्मी में हांफ जाते हैं संयंत्र

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है, जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने संयंत्र हांफ जाते हैं। किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। शनिवार को ही दो संयंत्र हांफ गए और इनके बंद होने के कारण बिजली की कमी हो गई तो सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। इसके पहले भी मार्च में ही तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी आई थी। हालांकि इसको एक दिन में ठीक कर लिया गया। अगर किसी संयंत्र में बड़ी खराबी आई और ज्यादा दिनों तक संयंत्र नहीं बन सका तो बिजली कटौती की स्थिति आ सकती है। बीते साल भी गर्मी में बिजली कटौती की स्थिति आई थी। हालांकि अधिकारी कटौती न होने का दावा करते हैं, लेकिन उद्योगों में जहां घोषित कटौती की जाती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित कटौती होती है। इस समय में कई ग्रामीण क्षेत्रों अघोषित कटौती की बात सामने आ रही है।

# नवनिर्वाचित पार्षद तिवारी का किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुबेलिया तेली साहू समाज रायपुर ब्लॉक द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद आकाश तिवारी का साहू भवन में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद पार्षद आकाश तिवारी ने माता कर्मा का आशीर्वाद लिया। इसी दौरान समाज के लोगों ने राजा तालाब साहू समाज भवन में आयोजित भक्ति माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली, यह शोभायात्रा राजा तालाब के मुख्य मार्गों से होते हुए दुर्गा चौक, दुर्गा मैदान, गांधी चौक, शिव मंदिर होते हुए साहू भवन पहुंची। इस शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष भोलाराम साहू, भुनेश्वर साहू, ठाकुर राम साहू, गणेश राम साहू, चंद्रकांत राम साहू, मोहन साहू, तुलसी साहू सहित महिला साहू समाज की भी महिलाएं विशेष रूप से शामिल हुईं।

खबर संक्षेप

## खोमन मानवाधिकार सहायता संस्थान के जिला अध्यक्ष बने

**छुईहा बेलर।** मानवाधिकार सहायता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रमेश कश्यप के आदेशानुसार शिक्षक खोमन सिन्हा को समाजसेवा, निष्ठा, लगन और कर्मठता के आधार पर मानवाधिकार सहायता संस्थान में जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।



इन्हें संगठन की मजबूती तथा बुराइयों के खिलाफ संगठन की आवाज बुलंद करने और संगठन की मजबूती और जन कल्याणकारी योजनाओं की पूर्ती के लिए इमानदारी लगन और निष्ठा से काम करने के लिए बनाया गया है। मानवाधिकार सहायता संस्थान में नियुक्ति निः स्वार्थ मन से मानव सेवा के उद्देश्य से संगठन का गठन किया जाना है। शिक्षक खोमन सिन्हा के मानवाधिकार सहायता संस्थान जिला गरियाबंद के जिला अध्यक्ष नियुक्ति पर कलार समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा, जिला अध्यक्ष अवधराम सिन्हा, मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा सचिव राजकुमार सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष धनेश्वरी सिन्हा ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम साहू, जिला अध्यक्ष फलेन्द्र साहू, सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा, जिला अध्यक्ष कुमेंद्र कश्यप, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव घनश्याम कंवर के साथ शिक्षा जगत एवं समाज के आत्मीय जनों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## कवर्धा के पंचकुंवर यादव को एम्स में मिला नया जीवन



**राजिम।** सेवा ही सबसे बड़ा कर्म है और मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है इसे राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने चरितार्थ कर दिखाया है। इलाज के लिए एम्स हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती कवर्धा जिले के पंडरिया के निकट लोखन मुनमुना गाँव की पंचकुंवर यादव को एम्स में 18 यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी और वे जीवन व मृत्यु के बीच लड़ रही थी। इसी बीच जीवनरक्षक के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने सहयोग कर पंचकुंवर यादव को 18 यूनिट ब्लड की पूर्ति किया जिससे उनका उपचार संभव हो सका। जानकारी के मुताबिक कवर्धा की पंचकुंवर यादव को नया जीवन मिला और अब वो पूर्ण स्वस्थता की ओर अग्रसर है। दरअसल पंचकुंवर यादव को हृदय रोग संबंधित समस्या थी और वे एम्स रायपुर में बायपास सर्जरी के लिए भर्ती हुई थी जिसके लिए उन्हें 18 यूनिट ब्लड की आवश्यकता पड़ी इस बीच देवदूत के रूप में विधायक रोहित साहू व उनके स्वास्थ्य सहायक रुपेश साहू ने उनकी मदद के लिए आगे आए। इस पर विधायक रोहित साहू ने कहा कि सेवा ही जीवन का मूलमंत्र है जिसे वे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

### धर्म कर्म : कौंदकेरा में आयोजित संगीतमय रामायण प्रतियोगिता का हुआ समापन

# भगवान श्रीराम के आदर्श को आत्मसात करें तो जीवन सफल होगा : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कौंदकेरा में आयोजित संगीतमय रामायण प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सोमवार को पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि कौंदकेरा का धर्म मंच हो, चाहे सार्वजनिक, पंचायत, पारिवारिक कार्यक्रम हो कौंदकेरा पहुंच ही जाता हूं, यह मेरा प्रिय गांव हैं। यहां के लोगो में धर्म के प्रति आस्था कुट-कुट कर भरी है। यह बहुत ही खुशी की बात है कि प्रदेश के ख्याति प्राप्त मानस मंच की प्रस्तुति यहां हुई। यह तब और खुशी होगी राम नाम का गुणगान और चरित्र भाव सिर्फ तीन दिन नहीं रहना चाहिए, जो सुने हैं,जो गुणे है जीवन भर मन और चरित्र में रहना चाहिए। विधायक श्री साहू ने कहा कि इसे रिचार्ज करने पुनः हर साल ऐसा आयोजन होना ही चाहिए। कहा कि कलयुग में मनुष्य तन दुर्लभ है,यदि सच्चे मन से भगवान में आस्था हो तो ईश्वर का दर्शन अवश्य होगा। धर्म और संस्कृति को बचाने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसे योगी तपस्वी की आवश्यकता है। आज इनके ही कारण प्रभु राम के जन्म स्थल में राम मंदिर की स्थापना हुई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव का सुशासन गांव-गांव सहित कौंदकेरा में दिख रहा है। इस अवसर पर उन्होने कौंदकेरा के लिए जो राशि स्वीकृति कराया है उन्हें बताया जिसमें टंकी निर्माण 12 लाख, सतनामी पारा में 20 लाख सी सी रोड, आश्रित ग्राम रामनगर में 6.50 लाख टीना शेड, रामनगर 7.80 लाख सी सी रोड, रामनगर में टीना सेड 10 लाख, हाई स्कूल सीसी रोड 4 लाख,हाई स्कूल रंग मंच 3 लाख विकास कार्य शामिल है।







### मनुष्य के जीवन में देवत्व और असुरत्व का संग्राम चलता रहता है

कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि मनुष्य के जीवन में देवत्व और असुरत्व का संग्राम प्रतिक्षण चलता रहता है। इस अंतर्मन्थन में जिस शक्ति की प्रबलता होती है वैसा ही परिणाम मनुष्य को प्राप्त होते हैं। सुख-दुख, प्रेम-वैर, राग-द्वेष, प्रिय-अप्रिय, आशा-निराशा और पाप-पुण्य के द्वन्द्वयुद्ध में जो पक्ष विजयी होता है उस के प्रतिफल इस जीवन में, और अन्य लोकों में संस्कार रूप में प्राप्त होते हैं। देवत्व मनुष्य की सुख-सुविधाओं और विकास में योग देता है। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता ओंकार साहू ने कहा कि विधायक रोहित साहू यहां पहुंचे। इतना बड़ा आयोजन में उनका आशीर्वाद मिला और उन्ही के आशीर्वाद से मेरी धर्मपत्नी नंदनी साहू जिला पंचायत सदस्य बनी है। कहा कि लोग मुझे ओंकार साहू के नाम से जानते थे। लेकिन पत्नी के चुनाव जितने पर अब ओंकार से नंदनी-ओंकार हो गया हूं। कहा कि राम के नाम लेने से जीवन में सारी सफलताएं मिलती है। 500 वर्षो तक भगवान श्रीराम एक छोटे से टेंट में थे। जिसे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाल मंदिर का निर्माण कराया। कहा कि पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से जितने वाले जिला पंचायत सदस्यों में नंदिनी का नाम दर्ज है। कौंदकेरा जैसे छोटे से गांव के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला पंचायत लालिमा पारस ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-कोमल ढीढी, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी कुर्रे, जनपद सदस्य हिरामणी साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू,सरपंच कौंदकेरा राधिका-मनोज साहू, जनपद सदस्य रामेश्वरी-चंद्रिका कुर्रे, हीरामणी साहू, सरिता साहू, चांदनी साहू, ग्राम अध्यक्ष अरविंद चौहान, सोमप्रकाश साहू, संचालन राज्यपाल पुरस्कृत मुन्ना लाल देवदास, अरविंद चौहान, मनोज विश्वकर्मा, रूपेश साहू, दौलत साहू, मदन साहू, बाबूलाल साहू, नेमन्त साहू, ताराचंद साहू, रोशन साहू, भागीरथी सिन्हा मौजूद थे।

पेज 11 के शेष...

### मैनपुर अस्पताल में...

रायपुर रिफर करना पड़ता है, अस्पताल में आए दिन जिले के आला अफसरों से लेकर जनप्रतिनिधियों का आगमन होते रहता है हर बार निरीक्षण कर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दावा कर लौट जाते है लेकिन जनप्रतिनिधियों और अफसरों के जाते ही सबकुछ भुल जाते है।

**महिला डॉक्टर की मांग वर्षो अधूरी-** मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्षो से महिला डॉक्टर की मांग किया जा रहा है क्योंकि महिलाओं को अपनी व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को बताने में भारी परेशानियों का सामना करना पडता है लेकिन आज तक महिला डॉक्टर की व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं किया जा सका है मैनपुर में दो अनुबंध वाले डॉक्टर की भी नियुक्ति किया गया है जिसमें एक महिला डॉक्टर है लेकिन वे अपने काफी दिनों से अवकाश में है मैनपुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण काफी संवदेनशील क्षेत्र है यहां स्वास्थ्य की तमाम सुविधाएं 24 घंटा उपलब्ध रहना चाहिए लेकिन कोई सुविधा अस्पताल में दिखाई नहीं देता, यहां मरीज के साथ आने वाले परिजनों के रूकने की भी व्यवस्था नहीं है, मरीजों के परिजन रात को भटकते रहते है।

**जिला निर्माण के 13 वर्ष बाद भी दूसरे प्रदेश में ईलाज कराने को मजबूर-** गरियाबंद जिला निर्माण के 12-13 वर्ष बाद भी यदि इस क्षेत्र के हजारों लोगों को दूसरे प्रदेश ओडिशा इलाज कराने जाने मजबूर होना पड़ रहा है तो यहां के स्वास्थ्य सुविधा के बदहाली पर सवाल उठाना लाजमी है, आज मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है एक मैनपुर और दूसरा अमलीपदर अमलीपदर और तो और तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है झरगांव, उरमाल और शोभा लेकिन शोभा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अस्पताल भवन ही नहीं है और झरगांव और उरमाल में पर्याप्त डॉक्टर नहीं है जिसके कारण आजादी के 76 वर्षो बाद भी अमलीपदर, गोहरापदर, मुडगेलमाल, खरीपत्थरा, राजापडाव, भुतबेडा, कुचेंगा, गौरगांव, कुहीमाल क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को इलाज कराने दूसरे प्रदेश ओडिशा जाना पड़ रहा है। यह प्रदेश सरकार के तमाम स्वास्थ्य सुविधा के विकास के दावों के पोल खोलने के लिए काफी है। मैनपुर विकासखण्ड में लगभग 01 लाख 80 हजार ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मैनपुर में वर्तमान में मात्र दो डॉक्टर उपलब्ध है।

### आवारा पशुओं के ...

है। ये पशु खेतों में घुसकर फसलों को चर रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है। किसानों ने नगर पंचायत प्रशासन से इस समस्या पर जल्द ध्यान देने और मवेशियों के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके और किसानों की फसलों को बचाया जा सके।

### रमई माता निः ...

में स्थित रमई पाठ धाम है कभी बियाबान रहा रमई पाठ अब धीरे-धीरे धार्मिक पर्यटन स्थल में परिवर्तित हो रहा है। उक्त जानकारी बड़े बुजुर्ग सहित मन्दिर के पुजारी एवं 11 गांवों के समिति के सदस्यों से चर्चा के दौरान बताया कि पूरी पहाड़ी में भले ही कहीं पानी न निकले, लेकिन इस पेड़ की जड़ से हमेशा स्वच्छ, मीठा और निर्मल जल की धारा बहती है। यह धार नीचे कुछ दूर जाकर विलुप्त हो जाती है। बताया जाता है कि मंदिर परिसर में आम का सदियों पुराना पेड़ इस स्थल की चमत्कारिक शक्ति को प्रमाणित करता है। मंदिर में मौजूद हजारों सांकल इस बात प्रमाण भी है।

**संतान प्राप्ति के बाद लोग चढ़ाते हैं लोहे की सांकल-** मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां पर नवरात्रि में माता को प्रसन्न करने के लिए भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जा रही है। मान्यता है कि इस मंदिर में माता अपने भक्तों की पूरी मनोकामना पूरी करती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली में भी भरती देखी गई है। संतान प्राप्ति के बाद यहां लोग सांकल (लोहे की बनी चैन) चढ़ाते हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्र में श्रद्धालुओं आस्था के 1091 मनोकामना ज्योति जलाया गया है। जहां दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु भक्तजन पहुंच रहे हैं वहीं नौ दिनों तक सभी श्रद्धालु भक्तजनों के लिए विशाल भोजन भण्डारा दान दाताओं द्वारा कराया जा रहा है। यहां कुछ ऐसे दान दाता है जो अजीवन दोनों पर्व पर दे रहे हैं। यहां की व्यवस्था एवं देखरेख 11 गांव की समिति कर रहे हैं।

# नगर की समस्याओं का मिलजुल कर करेंगे निराकरण : श्रीवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



प्रथम दिन नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का हुआ सम्मान

30 मार्च को चैत्र नवरात्र पर्व को लेकर श्रीराम मानस भवन फिंगेश्वर में गत वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सुबह 8.00 बजे कलश स्थापना के साथ श्री रामचरित मानस सुंदरकांड का पाठ एवं अपराह 3.00 बजे से रायपुर से पधारे पंडित महेश्वर प्रसाद तिवारी के द्वारा श्रीराम कथा प्रारंभ किया गया है जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए हैं वहीं पर संस्था के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान भी किया गया। यहां पर प्रथम दिन ही श्री राम मानस भवन में शाम 6.00 बजे से नगर पंचायत फिंगेश्वर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान नगर विकास एवं संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित के मुख्य आतिथ्य व कथाकार पंडित महेश्वर महाराज की अध्यक्षता एवं मानस भवन समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर हरित व समता क्लब के संस्थापक अध्यक्ष घनश्याम यदु के विशिष्ट आतिथ्य मे हर्ष मय वातावरण मे संपन्न हुआ। सम्मान समारोह के बाद अपने उद्बोधन में नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी ने इस सम्मान समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे नगर के विकास में हमारा उत्साह बढ़ेगा। उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास ने कहा नगर की समस्याओं का निराकरण सभी मिलजुल कर करेंगे। पार्षद डॉ. हरिश हरित ने कहा की मानस भवन समिति द्वारा हिंदू नव वर्ष मे नगर के पार्षदों का यह सम्मान हमारे लिए उपहार की तरह है। इससे हमारे नगर के विकास में हम सभी की एकता व संबल निश्चित रूप से बढ़ेगा। उन्होंने श्रीराम मानस भवन के कार्य की सराहना करते हुए संस्था के आंगन में शेड निर्माण के लिए 51000 रुपए नगदी दान की घोषणा की। संस्था के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम करना एक सराहनीय पहल है। इससे नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों का नगर विकास में उत्साह बढ़ेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष मोहन शर्मा, सचिव कृष्ण तिवारी, कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, अमृत यदु, बीआर कवर, प्रेमलाल यदु, जागृति महिला मंडल के अध्यक्ष चंपेश्वरी साहू व बड़ी संख्या में नगर वासी वह वह श्रोता गन उपस्थित थे।

# मृतक के परिवार को दी आर्थिक सहायता राशि

**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर निवासी संजय सेन, दीपक सेन की माता सेखिन बाई सेन की गत दिवस स्वर्गवास होने पर ढेढही देशहा सेन समाज बेलर चक के द्वारा मृतक के परिवार को 2000 रुपए का अनुदान राशि प्रदान किया गया। मौके पर सेन समाज आनंद राम सेन, पीलू राम सेन, कोमलनारायण सेन, मनहरण सेन, जीवन सेन, डोमन सेन, कृपा सेन, कामता सेन, घांशु सेन, गोपी सेन महेंद्र सेन, लक्ष्मी नारायण सेन उमेश डुरेंद्र, एवं समस्त सेन परिवार की उपस्तिथि रही।



## स्वामी आत्मानंद विद्यालय का पीएमश्री के रूप में शुभारंभ

**अभनपुर।** अभनपुर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का पीएमश्री के रूप मे शुभारंभ किया गया, 30 मार्च को छत्तीसगढ़ आगमन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश भर के 132 विद्यालयो को पीएमश्री विद्यालयों के रूप मे घोषित किया गया जिसमे अभनपुर आत्मानंद स्कूल का नाम भी शामिल है जिसका शुभारंभ शाला समिति अध्यक्ष गोयल भट्ट एवं सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं पूजा अर्चना कर किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला मंत्री संचित तिवारी, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी निशिकांत पांडे,समिति सदस्य वरुण राठी ,धनेश्वर साहू ,मृत्युंजय साहू राजेंद्र भारती, समीर यदु समेत विद्यालय प्राचार्य प्रबंधन एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### ग्राम भैसातरा में श्रीमद देवी भागवत महापुराण

# गायत्री मंत्र वेदों का सर्वश्रेष्ठ मंत्र है : पं. त्रिभुवन

**छुईहा बेलर।** ग्राम भैसातरा में श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा ज्ञान सत्संग समारोह 29 मार्च से 6 अप्रैल तक रजाऊ राम, रूखमणी साहू परिवार के तत्वावधान में स्व. दिनेश साहू के पावन स्मृति में आयोजित है। दूसरे दिन के कथा में अतिविशिष्ट अतिथि में राजिम विधायक रोहित साहू, उनके साथ किशोर साहू पहुंचे। इन्होंने देवी पुराण और व्यास गुरू गद्दी की पूजा, दूर्गा मुर्ति अर्चना किया और भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा से आशिर्वाद लिया और कथा श्रवण किया। व्यास पीठ पर कथाकार विद्वान भगवताचार्य सिद्ध विधायक आश्रम के संचालक पं. त्रिभुवन मिश्रा बारूला बेलर वाले हैं। उन्होंने दूसरे दिन देवी ब्रह्मचारिणी माता, शिवमधु, कैटभ कथा प्रसंग कहा गया। कथा प्रसंग के बीच में गायत्री माता की महिमा, उनके बीज मंत्र और अर्थ महत्व को विस्तार से बताया गया। त्रिभुवन मिश्रा ने कहा की शास्त्रों में कहा गया है कि गायत्री मंत्र को वेदों का सर्वश्रेष्ठ मंत्र बताया गया है। इसे बीज मंत्र भी कहा जाता है। इस मंत्र का जप करने के लिए रुद्राक्ष की माला का उपयोग करना सर्वश्रेष्ठ होता है। गायत्री मंत्र का जप का पहला समय है प्रातःकाल, सूर्योदय से थोड़ी देर पहले मंत्र जप शुरू किया जाना चाहिए। इसका मंत्र ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात है जिसका भाव सृष्टिकर्ता प्रकाशमान परामात्मा के तेज का हम ध्यान करते हैं, वह परमात्मा का तेज हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर चलने के लिए प्रेरित करें। इस मंत्र के नियमित जाप से त्वचा में चमक और नेत्रों में तेज आता है। इसके जप से क्रोध शांत होता है और ज्ञान की वृद्धि होती है।



HEALTH TOWN
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजयुमो नेता अजय ने डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की

**गरियाबंद।** भाजयुमो नेता अजय रोहरा ने मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से उनके निवास स्थान में मुलाकात की। इस अवसर पर रोहरा ने उन्हें हिंदू नववर्ष, चेटीचंद और नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही अजय रोहरा ने उन्हें गरियाबंद आगमन के लिए आमंत्रित भी किया।

### पूनम साहू का नवोदय विद्यालय में चयन



**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर बोरसी के पांचवी में अध्ययनरत पूनम साहू पिता ईश्वर साहू के जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छटवीं के लिए चयन होने पर केंद्रीकृत परीक्षा केंद्राध्यक्ष युगल किशोर बंजारे एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य व आचार्य गण उन्हें मोमेंटो एवं उपहार देकर उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### वंदिता कंवर का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**फिंगेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर जेंजरा के पांचवी में अध्ययनरत वंदिता कंवर पिता कुंदन लाल कंवर, माता प्रमिला कंवर के



जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छटवीं के लिए चयन होने पर पूरे शाला परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनके इस उपलब्धि पर तिलक कंवर, धर्मेंद्र, खिलावन, राहुल कंवर, वासु, दानू, खिलेश्वर, नूतन, पूर्णानंद, रामकुमार, नंदनी कंवर, कुंभ कंवर, जीवन, घनश्याम, धरम जैन सिंह कंवर, लूम सिंह, डोमार सिंह, शुभम कंवर, सूर्या कंवर, शिवसिंह कंवर प्राचार्य फिंगेश्वर एवं पूरन लाल साहू प्राचार्य बिजली ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बिजली कटौती व लो वोल्टेज से किसान परेशान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खण्ड के ग्राम खड़मा, मड़ेली, कोरासी, करकरा, रानीपरतेवा, मुड़ागांव, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, अकलवारा, फिंगेश्वरी, पीपरछेड़ी, गायडबरी, जरगांव, रवेली, पंक्तियां, जुनवानी, भैरा, गोदलाबाहरा, नवापारा आदि ग्रामों के किसानों ने बताया कि बिजली कटौती से धान की फसल मर रहे हैं। वहीं ग्राम खड़मा के किसान मुन्ना बंजारे ने बताया कि फसल को अभी पीनी का बहुत जरूरी है धान की फसल अभी पोटरा रहें हैं तो पानी अधिक खिचता है। लेकिन बिजली कटौती और लो ओल्ट से बोर नहीं चल रहा है वहीं कटौती शाम 6 बजे बन्द करते है और सुबह 6 बजे चालू करते हैं पूरी रात भर कटौती कर रहे हैं जिससे किसानों का फसल को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल रही है किसानों ने तत्काल कटौती एवं लो ओल्टेज की समस्या दूर करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

### पर्व : मुस्लिम भाइयों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबाकर बाद दी

# ईद पर निकला जुलूस, ईदगाह में नमाज अता कर देश में अमन व शांति की मांगी गई दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को ईद उल फितर का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 8 बजे रजा मस्जिद से जुलुस निकाली गई। जुलुस मे रंग बिरंगे नये कपड़े पहने छोटे -छोटे बच्चे हाथों में झंडा लेकर चल रहे थे युवा नौजवान बुजुर्ग नात शरीफ पढ़ रहे थे यह जुलुस ईदगाह पहुंची जहां मौलाना सिब्तैन रजा खान साहब द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई गई और सलातों सलाम का नजराना पेश किया गया तथा प्रदेश व देश मे अमन शांति खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।

मुस्लिम भाईओं ने एक- दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबाकर बाद दी और मुस्लिम समाज के लोगों ने कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूमो के कब्रों में फूल, ईत्र चढ़ाकर फातिहा पढ़ी। इस मौके पर प्रमुख रूप से मुस्लिम समाज मैनपुर के सदर हनीफ मेमन, हाजी रफीक मेमन, हाजी गुलाम मेमन, हाजी सत्तार मेमन, हाजी शब्बीर मेमन, हाजी गफ्फु मेमन, हाफीज तौकीर रजा, वली मोहम्मद धन्नाड़ी, शेख हसन खान, जुनैद रजा, अहमद बेग, गुलाम रसुल बेग, इकबाल मेमन, जमाल खान, बबला भाई, अजीज अंसारी, जाहिद रजा, अहसन मेमन, शेख फखरूद्दीन, अनीश सोलंकी, ईकराम, रमजान खान, हनीफ भाई, जब्बीर भाई, ईशुफ मेमन, गुलाम मेमन, अफजल मेमन, शाहिद मेमन, सिकंदर मेमन, आरिफ मेमन, जावेद मेमन, आसिफ मेमन, अफरोज खान, शेख खलील खान, पीरू खान, मोहम्मद अकबर सहित सैकड़ो की संख्या मे मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने पुलिस बल बड़ी संख्या मे तैनात थी।

#### रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम है ईद-उल-फितर

पवित्र माह रमजान 30 रोजा के बाद ईद-उल- फितर का त्यौहार मनाया जाता है, पाक महीने रमजान के बाद आने वाला यह त्यौहार ईद-उल-फितर अल्लाह ताला की ओर से रोजेदारों के लिए एक तोहफा होता है। भाईचारे का यह त्यौहार एक दूसरे को गले लगाकर नफरत को मिटाने का संदेश देता है। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है जो सभी को इंसानियत का पैगाम देता है मुसलमान रमजान के एक माह रोजे रखने के बाद उन्हे ईद का ईनाम मिलता है ईद लोगों पर बेपनाह खुशिया बाटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है। वहीं दूसरी ओर रमजान और ईद मे जकात और फितरा का विशेष महत्व है क्योकि ईद से पहले जरूरतमंदो को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देना फर्ज जरूरी है।

## अमन और मोहब्बत का जश्न, नमाज अता कर मांगी गई खुशहाली की दुआ



जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर



**गरियाबंद।** रमजान के पवित्र महीने के समापन और शव्वाल के महीने के पहले चांद के दीदार के साथ, पूरे देश में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया। गरियाबंद में भी सोमवार को ईद की रौनक देखते ही बनी। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए परिधानों में सजकर ईदगाह की ओर उमड़ पड़े। डाक बंगला स्थित ईदगाह में मौलाना रज्जब अली साहब ने ईद की विशेष नमाज अदा करवाई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। इस मुबारक मौके पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने आपस में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों को 'ईदी' (बड़ों द्वारा दिया जाने वाला उपहार) मिलने से उनकी खुशी दोगुनी हो गई। गरियाबंद जिले के विभिन्न गांवों और कस्बों से आए मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह में एकत्रित होकर नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दीं और विश्व शांति एवं समृद्धि के लिए दुआएं मांगीं। 'मीठी ईद' के नाम से भी जाने जाने वाले इस त्योहार पर मीठे व्यंजन बनाने और खाने की परंपरा है, जिसके चलते बाजारों में विशेष चहल-पहल दिखाई दी। पिछले दो दिनों से मिठाइयों की दुकानों, नए कपड़ों के स्टोर्स और मेहंदी लगाने वालों के यहाँ लोगों की खूब भीड़ रही।

**ईद भाईचारे का पर्व है-** नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने गरियाबंद के सभी नागरिकों को ईद की दिली मुबारकबाद पेश की। उन्होंने अपने संदेश में कहा की "ईद-उल-फितर का त्योहार केवल मुस्लिम समुदाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज के लिए खुशियाँ और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। यह पवित्र दिन हमें आपस में प्रेम, सद्भावना और शांति बनाए रखने की प्रेरणा देता है। रमजान के पूरे महीने के त्याग, संयम और इबादत के बाद आने वाली यह ईद अल्लाह की विशेष कृपा और आशीर्वाद का दिन है। मैं गरियाबंद के सभी निवासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए प्रार्थना करता हूँ।

**ईद पर चाक-चौबंद रही पुलिस व्यवस्था-** ईद-उल-फितर के शांतिपूर्ण आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए गरियाबंद जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। ईदगाह, भाटा, तिरंगा चौक मस्जिद और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। थाना प्रभारी ओमप्रकाश यादव ने स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की और पूरे शहर में पुलिस कर्मियों को मुस्तैद रखा।

## मुस्लिम भाइयों ने मनाया ईद उल फितर का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शहर में ईद-उल-फितर का पर्व मुस्लिम भाईयो ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। रमजान माह के रोजे पूरे होने के बाद सोमवार को ईद की नमाज अदा की गई। पुरानी ईदगाह में पहली जमाअत सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के इमाम मुफ़्ती आले नबी साहब ने अदा कराई। दूसरी जमाअत गौसिया रजविया मस्जिद तर्री के इमाम गुलाम अली साहब ने पढ़ाई। बाद नमाज खुतबा पढ़ा गया। दुआ और सलातो सलाम के बाद मुस्लिम भाई एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबादी पेश करते रहे। बड़ो के साथ साथ बुजुर्गो और छोटे बच्चों में भी काफी उत्साह देखा गया। एक दूसरे के घरो में आना जाना और सेवई खाने खिलाने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। मालूम हो कि एक माह के रमजान के रोजे मुकम्मल होने के बाद ईद का पर्व मनाया जाता है। बड़ो-बूढ़ो से लेकर नन्हे मुन्ने बच्चे और औरतें भी पूरे महीने के रोजे रखकर इबादत में मशगूल रहते हैं। रोजे के पूरे होने की खुशी में ईद का त्यौहार मनाया जाता है। इस दिन को यौमे जजा यानी ईनाम पाने का दिन भी कहा जाता है। नन्हे रोजेदार मुहम्मद जईम, मुहम्मद रेहान, नुमान, राहिल, नावेद खान, डुग्गु, अमीन, अलिजा, आलिया, जून्नुर, नेअमत, जारा, जैन, अर्श, तजीन, अर्शी, दानियाल आदि नन्हें बच्चों ने भी रोजा रखा। इस मौके पर मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमस सिद्दीकी, कब्रिस्तान के सदर मोहम्मद अशरफ चौहान, साजिद तिगाला हाजी मोहम्मद यूनुस चांगल, हाजी बिलाल रिजवी, हाजी गुलाम खोखर, तर्री मस्जिद के सदर हाजी अकबर खान, हाजी अतहर खान, हाजी मुस्तफा रिजवी, असलम मेमन, शाहिद रजा, नवाब वारसी, सुबराती खोखर, हाजी इस्तियाक ढेबर, जलालुद्दीन सुलड़ा, हाजी असलम सुलड़ा बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल थे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदउलफितर का पर्व

**बागबाहरा।** सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद जमात द्वारा सोमवार को ईदगाह भाटा में हर्षोल्लास के साथ ईदउलफितर का त्यौहार मनाया गया। सुबह से छोटे बड़े बुजुर्ग ईदगाह पहुंचे। जहां ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई। ईदुउलफितर ये दुनियाभर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है, इसे मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। ईद-उल-फित्र का आयोजन इसीलिए किया जाता है, क्योंकि रमजान के पूरे महीने में अल्लाह की इबादत की जाती है और रोजा रखने का अवसर प्राप्त होता है। ईद की नमाज में अल्लाह का शुक्रिया अता की जाती है। बता दें कि सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद के मौलाना ईरफानुलहक कादरी साहब ने ईद की नमाज़ पढ़ाई और मुल्क में अमन चैन व सुकून की दुआ की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए अल्लाह पाक परवरदिगार से मगफिरत की दुआएं की और सभी मुस्लिम समुदाय ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा, पूर्व नप अध्यक्ष जुगराज बघेल व थाना प्रभारी सिन्हा ईदगाह भाठा पहुंचे। जहां गले मिलकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी। बता दें कि मुस्लिम समुदाय रमज़ान उलमुबारक के एक माह के रोज़े मुकम्मल करने के बाद ईदउलफितर का त्यौहार मनाते हैं। दिनभर सेवइयों का दौर चलता रहता है। सभी अपने अपने सगे संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाते हैं। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय अत्यंत गरीब बेसहारा लोगों की मदद करते हैं। क्योंकि, इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा फितरा जकात निकाला जाता है। ताकि, कोई गरीब मायूस ना हो और सभी इस पैसे से अपने अपने बच्चों के साथ ईद की खुशियां मना सके। तमाम महीनों का सरदार और पवित्र माह रमजान के समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। रमजान में मुस्लिम समुदाय अल्लाह की इबादत के रूप में रोजा रखता है।

## सुरसाबांधा चार दिवसीय दिव्य रामायण सम्मलेन


राजिम न्यूज



राजिम। चार दिवसीय भव्य और दिव्य रामायण सम्मलेन का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से सुरसाबांधा में चल रहा है। इस आयोजन का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सीमा शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच घनश्याम साहू, उपसरपंच सितेश्वरी वर्मा एवं सभी पंचों तथा गणमान्य नागरिकों, रामायण प्रेमियों की उपस्थिति रही। मालूम हो कि सुरसाबांधा में आयोजन का यह चौथा साल है, जिसमें अलग-अलग जिलों से चुनिंदा मानस मण्डली अपनी प्रस्तुति दे रहे है। बताया गया है कि आयोजन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक मदन साहू, गिरवर साहू, सुरेश साहू, गौतम, खूबलाल साहू, अश्वनी साहू व अन्य पदाधिकारियो ने कार्यक्रम के संचालन व भंडारा की सुनियोजित व्यवस्था की है। संचालन नन्दकुमार साहू कर रहे है। रामायण प्रतियोगिता का आनंद समस्त ग्रामवासी देर रात तक ले रहे है। पूरा गांव राममय हो गया है। इस आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साहमय वातावरण है।

## कथा कल्पवृक्ष मनोवांछित फल प्रदायक : अनिरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा।



चैत्र नवरात्र के अवसर पर नगर के हृदय स्थल माता शीतला के पावन आंगन पर चल रहे श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा के द्वितीय दिवस कथा श्रवण महिमा का व्याख्यान करते हुए व्यास पीठ से श्रद्धेय श्री रामानुज अनिरुद्ध दास ने कहा कि कथा एक कल्पवृक्ष है जहां सच्चे मन से मनोकामना लेकर कथा श्रवण की जाती है तो मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं कथा का फल केवल और केवल मुक्ति हो सकता है जन्मेजय ने देवी भागवत कथा का श्रवण किया उन्हे स्वय वेदव्यास जी ने कथा श्रवण कराया। कथा में बताए कि सूर्यवंश के अधिकतर राजाओं को संतान प्राप्ति में समस्या होती थी उन्हे यज्ञ हवन व्रत उपवास तप से ही संतान की प्राप्ति होती है कथा श्रवण भी इसका साधन है एक राजा थे जिनको रेवती नक्षत्र में संतान प्राप्ति हुआ जिसका नाम दुरमति रखा वह बहुत अत्याचारी हुआ। महराज ने कहा कि संतान हमेशा सुख दे ऐसा आवश्यक नहीं। मनुष्य को उनके दोष के कारण भी अवगुणी संतान प्राप्त होता है माता के कर्म दोष से चरित्रहीन संतान प्राप्त होते हैं पिता के कर्म दोष से वंश में दोष हो तो मूर्ख संतान प्राप्त होता है और मनुष्य के स्वयं के पूर्व जन्म के दोष से दरिद्र होता है इसलिए कहा गया है कि पूत कपूत तो का धन संचय पूत सपूत तो का धन संचय। ब्राह्मण द्वारा कथा वाचन किया जाता है शब्द ब्रह्म होता है इसलिए कथा बार- बार सुनना चाहिए कथा का बड़ा महत्व होता है इसके त्रिक साधन है श्रवण कीर्तन और मनन है देवी भागवत पुराण को पांचवा पुराण माना गया। श्रोता को कभी भी वक्ता पर संदेह नहीं होना चाहिए।व्यास पीठ से वेदव्यास जन्म हैग्रीव वध मधुकैटप वध की कथा व्यास पीठ से सभी श्रोताओं ने सुनी।

### डूमर एवं केले के पेड़ से बह रही अविरल जलधारा

# अंचल के देवी रानी मां केरापानी में जले आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

चैत्र प्रतिपदा पर अंचल की प्रसिद्ध केरापानी रानी मां में आस्था के ज्योत जले। अंचल में नवरात्रि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मां दुर्गा की चैत्र नवरात्र पर्व शुरू होते ही क्षेत्र के देवी मंदिरों में जय माता दी की जयकारे गूंज उठी। क्षेत्र के शीतला मंदिरों व घरों ज्योत व जवारा बोए गए, अभिजीत मुहूर्त में मुख्य ज्योत कलश प्रज्वलित की गई। पहले ज्योत जलाने के लिए चकमक पत्थर से आग उत्पन्न कर ज्योत जलाई गई। इस कड़ी में प्रकृति की गोद में अनुपम सौंदर्य समेटे क्षेत्र के प्रसिद्ध केरापानी रानी मां जलप्रपात स्थल में छोटी -छोटी गुफाएं पर्यटन विभाग के अधिकारियों की बेरुखी के चलते धीरे-धीरे गुमनामी के अंधेरे में खोते जा रही है। इस स्थल पर विभाग द्वारा कार्ययोजना बनाकर कार्य करने से अंचल मे पर्यटन के रूप में पहचान बन सकेगी। प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह स्थान मुढीपानी के नाम से जाना जाता है। यहां की छोटी-छोटी गुफाएं आज भी अद्भुत पहेली बनी हुई है। केरापानी को अगम गंगा का उदगम स्थल माना जाता है। यहां डुमर एवं केले के पेड़ से अविरल जलधारा बह रही है। यहां का पानी लाकर रखने पर कभी खराब नहीं होता यह प्रमाण है। लगभग हजार फीट की ऊंचाई पर मलेवा पहाड़ के इस दुगर्म स्थल को रानी मां की कर्मस्थली मानी जाती है। मान्यता है कि यहां के स्नान से गौहत्या एवं ब्रम्हा हत्या जैसे पाप भी कट जाते हैं। यहां देववृक्ष गुलर, जीवन बुटी, केलेदेव, धानबाली, सौफ,आम का पेड़, साथ ही इस जगह पर अनेकों प्रकार के काम में आने वाले जड़ी बूटी प्राकृतिक रूप से उपलब्ध है।



#### झोपड़ी बनाकर अस्थाई मंडप में जला रहे हैं ज्योत

वहीं कपाट खोल, अधियार झोला, बगरनपाट, करहीदरहा जैसे कई रहस्यमय स्थान मौजूद हैं। यहां आने वाले पर्यटकों को दुर्गम रास्तों पर पैदल चलकर रानी मां के पास जाना पड़ता है। करीब 2 किमी के इस दुर्गम पगडंडी रास्ते पर सड़क बनाने वन विभाग एवं पर्यटन विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शासन द्वारा अगर सीढ़ी का निर्माण की जावे तो आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी। यहां पर हर वर्ष क्वांर एवं चैत्र नवरात्र में ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है। समिति द्वारा दोनों पर्व पर पंचमी व अष्टमी को हवन पूजन कर भंडारे की व्यवस्था की जाती है। हर साल नवरात्रि पर भक्तों के साथ आयोजन समिति वालों को यह बात खलती है कि ज्योति कलश कक्ष अभी तक यहां बन नहीं पाया है। समिति वालों को ज्योति प्रज्वलित करने के लिए झोपड़ी बनाकर अस्थाई मंडप में ज्योत जलाना पड़ता है। इस समस्या से सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पंच सरपंच भी वाकिफ हैं। इसके बाद भी समिति वालों ने कलेक्टर, जिला सोईओ, सहित प्रभारी मंत्री तक फरियाद लगाकर क्षेत्र को संवारने व तस्वीर बदलने में मददगार की भूमिका निभाने कहा है। समिति के अध्यक्ष कृष्ण गुप्ता, सचिव मुक्तेश्वर दीवान, कोषाध्यक्ष चंदर सिंह कंवर, पुजारी दिलेश्वर दीवान, सरपंच हेमलता नागेश, तुलेश्वर ध्रुव, रूपादेवी ठाकुर, विजय कृष्ण नागेश, रवि मरकाम, हेमलता ध्रुव ग्राम पटेल लोकराम यादव, घनश्याम साहू, कृष्ण कुमार ठाकुर, बिसाहू राम नेताम, बृजलाल दीवान,डी आर यादव, रेवा राम ध्रुव, जानु राम दीवान, कार्तिक राम निषाद, हेमलाल दीवान, मंशा निषाद, बुधराम निषाद, शंकर निषाद, बैगा मुशुराम ठाकुर, मोहन कमार सहित दस पंचायतों के समस्त ग्रामवासियों व जनप्रतिनिधियों इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

